
# रायपुर सिटीजन

पत्रिका . रायपुर, बुधवार, 8 अगस्त 2018 . पेज 02 . patrika.com


फैक्ट्री सील

## जाली आइएसआइ मार्का वाले पानी पाउच की बिक्री, 500 बोरियां जब्त



**रायपुर @ पत्रिका** . भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर शाखा ने बिलासपुर के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में जाली आइएसआइ मार्का वाला पानी पाउच बनाने वाली फैक्ट्री को सील कर दिया है।

बीआइएस के वैज्ञानिक एवं प्रमुख वी. गोपीनाथ ने बताया कि मेसर्स आशीष ब्रेवरेज के नाम से खत्रिज ऑर्किड ब्रांड का उपयोग कर अवैध रूप से पैकेजबन्द पेयजल का निर्माण किया जा रहा था एवं उत्पाद पर आइएसआइ मार्क का दुरुपयोग भी किया जा रहा था।

इस सूचना के आधार पर भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर द्वारा जांच टीम गठित कर छापेमारी की कार्रवाई के लिए दल भेजा गया। जांच दल ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से छापामारी की। छापेमारी में मेसर्स ऑर्किड इंडस्ट्रीज द्वारा पैकेजबन्द पेयजल निर्माण करते हुए रंगे हांथो पकड़ा गया। साथ ही भारी मात्रा में पानी के पाउच की आइएसआइ मार्क युक्त लगभग 500 बोरियां भी पाई गई, जिसे ब्यूरो द्वारा जब्त कर लिया गया है।

Scanned by CamScanner